# यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाय.आय.एल.)

**अंबाझरी, नागपूर** – 440021

## भारतीय आयुध निर्माणियो में ट्रेड अपरेंटिस का चयन

**भारतीय नागरिकों से भारत के विभिन्न राज्यों में स्थित आयुध और आयुध उपस्कर कारखानों में अपरेंटिस अधिनियम**'1961 **और उसका संशोधन के तहत ट्रेड अपरेंटिस के** 59 **वें बैच (गैर-आई टी आई और आई टी आई श्रेणी) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। आयुध कारखानों में रिक्तियों की संख्या लगभग** 3979 (1136 NON-ITI **और** 2843 ITI **श्रेणी) है। इस अभ्यास का उद्देश्य भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम कौशल भारत मिशन को बढ़ावा देना है।**

## पात्रता योग्यता:

**गैर-आईटीआई श्रेणी के लिए: आवेदन की अंतिम तिथि तक, दसवीं कक्षा या समकक्ष मे सभी विषयों मे न्यूनतम कुल** 50% **अंकों के साथ और गणित और विज्ञान विषय में प्रत्येक में** 40% **अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।**

**आईटीआई श्रेणी के लिए:** NCVT **या** SCVT **द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से प्रासंगिक ट्रेड परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के गजट अधिसूचना के माध्यम से निर्दिष्ट कोई अन्य प्राधिकारी / श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रासंगिक ट्रेड परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। उपरोक्त योग्यता के अतिरिक्त, दसवीं कक्षा या समकक्ष मे सभी विषयों मे न्यूनतम कुल** 50% **अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। (मैट्रिकुलेट और आई टी आई दोनों में न्यूनतम** 50% **कुल अंक)। उपरोक्त योग्यता उम्मीदवार के पास ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक होनी चाहिए।**

**आयु** : **प्रशिक्षु अधिनियम**, 1961 **की धारा** 3(**ए**) **और उसके संशोधनों के अनुसार प्रशिक्षु के लिए न्यूनतम आयु** 14 **वर्ष और खतरनाक उद्योगों से संबंधित निर्दिष्ट ट्रेडों के लिए** 18 **वर्ष है। अधिकतम आयु सीमा** 35 **वर्ष है। विस्तृत विज्ञापन और अन्य विवरण वेबसाइट** https://recruit-gov.com/ **के तहत उपलब्ध कराए जाएंगे। कृपया ध्यान दें कि विस्तृत विज्ञापन के साथ उम्मीदवारों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल को फरवरी** 2026 **के पहले सप्ताह के आसपास खोले जाने की संभावना है और सभी संभावित उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अद्यतन रहने के लिए वेबसाइट पर जाएँ।**

**कृपया ध्यान दें** :

1. **उम्मीदवार जो पहले से ही भारत सरकार के पोर्टल** www.apprenticeship.gov.in **के माध्यम से आवेदन कर चुके हैं, उन्हें वाय.आय.एल. के वेबसाइट** https://recruit-gov.com/ **के माध्यम से फिर से आवेदन करना होगा।**
2. **उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि केवल** https://recruit-gov.com/ **के माध्यम से ही किसी भी परिशिष्ट / शुद्धिपत्र / रिक्तियों के सम्बंध में परिवर्तन के संबंध में अपलोड / प्रकाशित किया जाएगा। किसी अन्य माध्यम से कोई पृथक नोटिस जारी नहीं किया जाएगा।**